Civil Services (Main)
Examination- 2025

**SLPM–U–HND**

# हिन्दी (प्रश्न-पत्र–I)

( साहित्य )

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिये नियत अंक उसके सामने दिये गये हैं।

प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिये गये प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गये कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# HINDI (PAPER–I)

( LITERATURE )

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



Optional Province · optionalprovince.com

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में) : 10×5=50

*(a)* अपभ्रंश और अवहट्ट की व्याकरणिक संरचना के मुख्य अंतर

*(b)* सिद्ध-नाथ साहित्य में प्रयुक्त खड़ी बोली का आरंभिक रूप

*(c)* हिन्दी भाषा के मानकीकरण की वर्तमान चुनौतियाँ

*(d)* भाषा और बोली में अंतर

*(e)* मध्यकाल में अवधी और ब्रजभाषा का साहित्यिक अंतर्सम्बन्ध

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* 19वीं सदी के खड़ी बोली आंदोलन के ऐतिहासिक कारकों और उपलब्धियों की विवेचना कीजिए। 20

*(b)* राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिन्दी के सामने उपस्थित वर्तमानकालीन चुनौतियों पर प्रकाश डालिए। 15

*(c)* संत साहित्य में प्रयुक्त खड़ी बोली के स्वरूप की सोदाहरण चर्चा कीजिए। 15

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* मानक हिन्दी की व्याकरणिक संरचना की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं? किस सीमा तक इसे संस्कृत की व्याकरणिक संरचना पर आधारित कहा जा सकता है? 20

*(b)* ब्रजभाषा के विकास में सूर-पूर्व कवियों के योगदान पर टिप्पणी कीजिए। 15

*(c)* देवनागरी लिपि के मानक रूप का परिचय देते हुए मानकीकरण हेतु किये गये प्रमुख प्रयत्नों की चर्चा कीजिए। 15

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* स्वाधीनता आंदोलन ने जनभाषा के रूप में हिन्दी के विकास को किस तरह प्रभावित किया? 20

*(b)* जायसी और तुलसीदास द्वारा प्रयुक्त अवधी के रूपों में मुख्य अंतरों की सोदाहरण विवेचना कीजिए। 15

*(c)* खुसरो के साहित्य में प्रयुक्त हिन्दी की विशेषताएँ लिखिए। 15

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में) : 10×5=50

*(a)* हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद

*(b)* कबीर की लोकोन्मुखता

*(c)* दिनकर की सामाजिक चेतना

*(d)* सिद्ध साहित्य का परवर्ती हिन्दी साहित्य पर प्रभाव

*(e)* हेमचंद्र की कविता



Optional Province · optionalprovince.com

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* कृष्णा सोबती के उपन्यासों की स्त्री-दृष्टि पर वर्तमान स्त्री-विमर्श के संदर्भ में विचार कीजिए। 20

*(b)* विद्यापति की आध्यात्मिकता पर आचार्य रामचंद्र शुक्ल की टिप्पणी की समीक्षा कीजिए। 15

*(c)* विजयदेव नारायण साही द्वारा किये गये जायसी के मूल्यांकन की समीक्षा कीजिए। 15

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* प्रगतिवादी आलोचना को वर्तमान समय में किस प्रकार की चुनौतियाँ मिल रही हैं? सोदाहरण विवेचना कीजिए। 20

*(b)* 'हिन्दी नवजागरण' की उपलब्धियों और सीमाओं पर विचार कीजिए। 15

*(c)* हिन्दी नई कहानी की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 15

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

*(a)* हिन्दी रंगमंच के विकास से संबंधित प्रमुख बहसों की विवेचना कीजिए। 20

*(b)* मोहन राकेश के नाटकों में व्यक्त आधुनिक मनुष्य के नैतिक द्वंद्वों की विवेचना कीजिए। 15

*(c)* हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन में दलित विमर्श के हस्तक्षेप की समीक्षा कीजिए। 15

★ ★ ★



Optional Province · optionalprovince.com